early abilities

tph.to/earlyabilities

संचार जांच सूची

जन्म से चार वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए

यदि निम्न प्रश्नों में से किसी का भी उत्तर नहीं में है, तो अर्ली एबिलिटीज़ को 416-338-8255 पर कॉल करें

यदि आपके बच्चे की प्रथम भाषा अंग्रेजी नहीं है, तो कृपया अपने बच्चे की भाषा वाली जांच सूची इस्तेमाल करें। जांच सूचियाँ कई भाषाओं में उपलब्ध हैं।

---

2 माह में

हाँ नहीं

क्या आपके बच्चे के श्रवण-शक्ति की जांच हो चुकी है? ☐ ☐

यदि नहीं, तो अपने घर के निकट के क्लिनिक में शिशु श्रवण-शक्ति की जाँच का मुफ्त अपॉइंटमेंट लेने के लिए 416-338-8255 पर हमें कॉल करें।

6 माह में

क्या बच्चा:

- ऊँची आवाज़ों पर चौंकता है? ☐ ☐
- उस ओर मुड़ता है जिस ओर से आवाज़ आ रही है? ☐ ☐
- भिन्न जरूरतों (भूख, थकान) के लिए भिन्न आवाज़ निकालता है? ☐ ☐
- जब आप उससे बात करते/करती हैं तो आपका चेहरा देखता है? ☐ ☐
- आपकी मुस्कराहट और हंसी के जवाब में मुस्कुराता/हँसता है? ☐ ☐
- खांसी या आह, एह, बुह जैसी अन्य आवाजों की नक़ल करता है? ☐ ☐

9 माह में

क्या बच्चा:

- उसके नाम पर प्रतिक्रिया देता है? ☐ ☐
- टेलीफोन बजने पर या दरवाजे की खटखटाहट पर प्रतिक्रिया देता है? ☐ ☐
- मना किये जाने को समझता है? ☐ ☐
- संकेतों के द्वारा जो प्राप्त करना चाहता है (उठाये जाने के लिए पहुँचने की कोशिश करना) उसे प्राप्त करता है? ☐ ☐
- आपके साथ सामाजिक खेल (लुका-छिपी) खेलता है? ☐ ☐
- लोगों के साथ रहना पसंद करता है? ☐ ☐
- बड़बड़ाता और बाबाबाबा या डुहडुहडुह जैसी आवाजें दोहराता है? ☐ ☐

12 माह में

हाँ नहीं

क्या बच्चा:

- आसान निर्देशों (बैठो) का पालन करता है? ☐ ☐
- जब कोई वयस्क कमरे के दूसरे ओर पर किसी खिलौने की ओर इशारा करता है तो उस ओर देखता है? ☐ ☐
- लगातार तीन से पांच शब्द इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- संवाद के लिए इशारों (हाय/बाय के लिए हाथ, नहीं के लिए सर हिलाता है) का इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- आवाजों, इशारों और आपकी आँखों को देखते हुए संकेत करके आपका ध्यान आकर्षित करता है? ☐ ☐
- आपको दिखाने के लिए खिलौने आपके पास लाता है? ☐ ☐
- सामाजिक ध्यान और प्रशंसा के लिए प्रस्तुति करता है? ☐ ☐
- कई आवाजों को मिलाता है जैसे कि बात कर रहा हो (अबाडा बाडुह अबी)? ☐ ☐
- साधारण चित्र पुस्तकों में रुचि दिखाता है? ☐ ☐

18 माह में

क्या बच्चा:

- अंदर और बाहर, बंद और चालू का मतलब समझता है? ☐ ☐
- जब पूछा जाए तो शरीर के 2 से अधिक अंगों की ओर इशारा करता है? ☐ ☐
- लगातार न्यूनतम 20 शब्दों का इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- आसान प्रश्नों का जवाब शब्दों या इशारों से देता है (टेडी कहाँ है? वह क्या है?)? ☐ ☐
- खिलौनों के साथ नाटकीय रूप से खेलता है (टेडी बेयर को पीने के लिए कुछ देता है, कटोरे को टोप की तरह इस्तेमाल करता है)? ☐ ☐
- न्यूनतम चार भिन्न व्यंजनों की आवाज़ें निकालता है (प, ब, म, न, द, ग, व, ह)? ☐ ☐
- पढ़कर सुनाया जाना और आपके साथ सरल पुस्तकें साझा करना पसंद करता है? ☐ ☐
- चित्रों की ओर एक उँगली से इशारा करता है? ☐ ☐

2 वर्षों में

क्या बच्चा:

- दो कदमों वाले निर्देशों का पालन करता है (जाओ अपना टेडी बेयर ढूंढो और दादी को दिखाओ)? ☐ ☐
- 100 से 150 शब्द इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- न्यूनतम दो सर्वनामों का इस्तेमाल करता है (आप, मैं, मेरा)? ☐ ☐
- छोटे वाक्यांशों में लगातार दो से चार शब्द जोड़ता है (पापा टोप। ट्रक नीचे जाओ।)? ☐ ☐
- अन्य बच्चों के साथ होना पसंद करता है? ☐ ☐
- अन्य बच्चों को खिलौने पेश करना और उनके क्रिया एवं शब्दों की नक़ल करना शुरू करता है? ☐ ☐
- 50 से 60 प्रतिशत समय ऐसे शब्द इस्तेमाल करता है जो दूसरों को समझ में आते हैं? ☐ ☐
- सरलता से तथा बिना मेहनत के शब्द या आवाज़ें बनाता है? ☐ ☐
- पुस्तकों को सही से सीधा पकड़ता है और पन्ने पलटता है? ☐ ☐
- खिलौनों के साथ नाटकीय रूप से खेलता है (जैसे टेडी बीयर को सोने के लिए तैयार करता है? ☐ ☐
- क्रेयॉन से अस्पष्ट लिखता है? ☐ ☐

30 माह में

हाँ नहीं

क्या बच्चा:

- आकार (बड़ा/छोटा) और मात्रा (थोड़ा/बहुत, अधिक) की धारणा को समझता है? ☐ ☐
- कुछ वयस्कों जैसे व्याकरण का इस्तेमाल करता है (दो कुकी, उड़ती हुई चिड़िया, मैं कूदा)? ☐ ☐
- 350 से अधिक शब्द इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- क्रियात्मक शब्द जैसे भागना, फैलाना, गिरना, खाना, सोना, जाना का इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- शब्दों और खिलौनों, दोनों का इस्तेमाल करते हुए साथियों के साथ कुछ बारी-बारी से की जाने वाली गतिविधियों में भाग लेता है? ☐ ☐
- किसी अन्य बच्चे के घायल या उदास होने पर चिंता व्यक्त करता है? ☐ ☐
- खेल के दौरान कई गतिविधियों को जोड़ता है (गुड़िया को खिलाकर सुलाता है। ब्लॉक्स को ट्रेन में रखता है और उसे चलाता है, फिर ब्लॉक उतार देता है।)? ☐ ☐
- अधिकांश शब्दों की शुरुआत में आवाज़ें लगाता है? ☐ ☐
- दो या अधिक वर्णों या बीट वाले शब्द (ब-ना-ना, कं-प्यू-टर, ए-प्पल) इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- परिचित लोगो और चिहनों को, जिनमें मुद्रण शामिल हो, पहचानता है? ☐ ☐
- परिचित कहानियों को याद रखता और समझता है? ☐ ☐

3 वर्षों में

क्या बच्चा:

- कौन, क्या, कहाँ और क्यों प्रश्नों को समझता है? ☐ ☐
- पांच से आठ शब्दों का इस्तेमाल करके लंबे वाक्य बनाता है? ☐ ☐
- पिछली घटनाओं (दादा-दादी के घर की यात्रा, चाइल्ड-केयर में एक दिन) के बारे में बात करता है? ☐ ☐
- सरल कहानियां सुनाता है? ☐ ☐
- खेलते समय पसंदीदा साथियों के प्रति प्रेम दिखाता है? ☐ ☐
- बहुस्तरीय नाटकीय खेल में भाग लेता है (खाना बनाने का नाटक करना, गाड़ी की मरम्मत करना)? ☐ ☐
- इस प्रकार बात करता है कि परिवार के बाहर अधिकांश लोग ज़्यादा बार समझ जाते हैं कि वह क्या कह रहा है? ☐ ☐
- मुद्रण (मेनू, सूची, चिहन) के उद्देश्य को समझता है? ☐ ☐
- तुकवाले शब्दों में दिलचस्पी, और उनके बारे में जागरूकता दिखाता है? ☐ ☐

4 वर्षों में

क्या बच्चा:

- तीन या अधिक चरणों वाले निर्देशों (पहले कोई कागज लेकर आओ, फिर एक चित्र बनाओ और उसे मम्मी को दो।) का पालन करता है? ☐ ☐
- वयस्कों जैसे व्याकरण का इस्तेमाल करता है? ☐ ☐
- शुरुआत, मध्य और अंत वाली कहानियाँ सुनाता है? ☐ ☐
- मुश्किलों को हल करने के लिए वयस्कों और अन्य बच्चों से बात करता है? ☐ ☐
- तेजी से जटिल काल्पनिक खेल प्रदर्शित करता है? ☐ ☐
- इस तरह बात करता है कि अजनबी हमेशा उसे समझते हैं? ☐ ☐
- सरल तुकबंदी (कैट-बैट) करता है? ☐ ☐
- कुछ अक्षरों को उनकी ध्वनियों के साथ जोड़ता है (अक्षर ब को बुह कहता है, अक्षर ट को टुह कहता है)? ☐ ☐

हमें किसी भी बच्चे के संबंध में कॉल करें...

- यदि आप उसके बोलने/भाषा के विकास के लिए चिंतित हैं।
- यदि आप उसकी श्रवण-शक्ति के लिए चिंतित हैं।
- यदि पिछले छः माह में उसके बोलने और भाषा के कौशल में कोई सुधार नहीं हुआ है।
- जो ध्वनियों और/या शब्दों को अक्सर दोहराता है (हकलाना)।
- उसकी आवाज आपको भिन्न या अजीब लगती है।
- उसके खेल या सामाजिक क्रियाएँ अनुचित प्रतीत होती हैं।
- उसमें चीरे हुए होंठ/तालू, बहरापन, पीडीडी/स्वलीनता, विकासात्मक विलंब जैसे किसी रोग का निदान हुआ है (जिसे वर्तमान में सेवाएँ नहीं मिल रही हैं)।

शीघ्र हस्तक्षेप महत्वपूर्ण है।

अर्ली एबिलिटीज़ को कॉल करें

416-338-8255 TTY 416-338-0025

ऑनलाइन पंजीकरण हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है

tph.to/earlyabilities

फ़ॉर्म भरने का दिनांक:____________________

बच्चे का नाम:____________________

बच्चे की जन्म तिथि:____________________

फॉर्म भरने वाले व्यक्ति का नाम: ____________________

सम्पर्क पता:____________________

पोस्टल कोड:__________ शहर:__________

फोन सं:__________ वैकल्पिक फोन सं. __________

TORONTO Public Health • Community Partners

Ontario

PH1604SS821